## एक नजर

### शांति व्यवस्था पर ध्यान, एसएसपी ने ली बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः एसएसपी सर्वेश पंवार ने गंगा स्नान व आगामी बकरीद पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के सभी थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान विशेष रूप से कोटद्वार, श्रीनगर और लक्ष्मणझूला क्षेत्र के थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया। एसएसपी ने गंगा घाटों, बाजारों, मस्जिदों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और समिति सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए संवाद स्थापित किया जाए। इसके अलावा डायल 112 और चीता मोबाइल टीमों को लगातार गश्त करने, संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने व संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की अवांछनीय या अवैध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने को भी कहा गया।

### वंश गुसाईं ने खेल व शिक्षा के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः बलूनी पब्लिक स्कूल एवं बलूनी स्पोर्ट्स अकादमी के मेधावी छात्र वंश गुसाईं ने खेल और शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र वंश गुसाईं ने वर्ष 2026 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साथ ही उन्होंने जिला स्तर की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वे वर्ष 2024–25 में सीबीएसई जोनल एथलेटिक्स टीम का हिस्सा भी रहे। वे जिला कबड्डी टीम के नियमित खिलाड़ी भी रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने वंश गुसाईं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे आने वाले खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

### सीमांत जिलों में टेक्नोलॉजी हब विकसित करने पर जोर

चमोली। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के दर्शनों से लौटने के बाद केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जनपद के सीमांत क्षेत्रों में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनपद में टेक्नोलॉजी हब विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक, डिजिटल सुविधाओं एवं नवाचार आधारित योजनाओं को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत जिले के सीमांत गांवों के लिए बड़ी एवं दीर्घकालिक विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जाएं ताकि इन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के साथ–साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। रुद्रनाथ मंदिर ट्रैक रूट के सुनियोजित विकास के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ मास्टर प्लान की प्रगति की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने उन्हें अवगत कराया कि मास्टर प्लान के अधिकांश कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं जबकि फेज–दो और फेज–तीन के कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नदी किनारे चल रहे निर्माण कार्य रोके

चमोली। अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद मारवाड़ी पुल से विष्णुप्रयाग तक नदी किनारे निर्मित हो रही सुरक्षा दीवार के कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। यहां लगभग सौ करोड़ रुपये की लागत से सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। बरसात के बाद जब नदी का जलस्तर कम हो जाएगा तब उसके बाद फिर से सुरक्षा दीवार का निर्माण शुरू किया जाएगा। इधर मारवाड़ी पुल के पास चल रहा स्लोप स्टेबलाइजेशन का कार्य अभी तक जारी है गर्मी के कारण उच्च हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने के कारण अलकनंदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य रोकने के आदेश कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को दिए हैं। उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि किनारे बनने वाली कुल 614 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। नदी का जलस्तर अब निर्माण स्थल तक पहुंच रहा है। इसलिए मजदूरों और तकनीकी टीम की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए काम को रोका गया है।

### कंचननाले में हुआ हिमस्खलन, कोई नुकसान नहीं

चमोली। बदरीनाथ धाम से करीब दो किलोमीटर पहले कंचननाले के उद्गम स्थल पर रविवार सुबह हिमस्खलन हुआ। अधिक ऊंचाई होने के कारण बर्फ निचले क्षेत्रों में आने से पहले ही थम गई। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हिमस्खलन से क्षेत्र में कोई नुकसान नहीं हुआ है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस तरह की घटनाएं समय–समय पर होती रहती हैं। हिमस्खलन सड़क तक नहीं पहुंचा और खाई क्षेत्र में ही रुक गया जिससे यातायात एवं आम जनजीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। रविवार को हिमस्खलन की घटना का वीडियो तेजी से वायरल हुआ। हालांकि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति पूर्ण सामान्य है।

### बेस अस्पताल के डॉ. विक्की बख्शी ने दिया इस्तीफा

श्रीनगर गढ़वाल। मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. विक्की बख्शी ने अस्पताल प्रशासन को इस्तीफा सौंप दिया है। डॉ. बख्शी बेस अस्पताल में लंबे समय से सेवाएं दे रहे थे और मरीजों के बीच उनकी अच्छी पहचान थी।

बताया जा रहा है कि शासन स्तर से चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसी क्रम में डॉ. बख्शी की भी यात्रा मार्ग पर तैनाती की गई थी लेकिन ड्यूटी पर जाने से पहले ही उन्होंने सेवा देने के बजाय त्यागपत्र दे दिया। वहीं इस मामले में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि डॉ. विक्की बख्शी ने दो सप्ताह पहले इस्तीफा दे दिया था। शीघ्र इस पद के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। डॉ. बख्शी ने बताया कि उन्होंने विशेष ट्रेनिंग लेने की वजह से त्यागपत्र दिया है। यात्रा ड्यूटी से इसका कोई संबंध नहीं है।

# सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने वालों की दें शिकायत



कोटद्वार के गोखले मार्ग में सड़क पर लगा कूड़े का ढेर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम लगातार अभियान चला रहा है। बावजूद कुछ लोग निगम की इस मुहिम पर पलीता लगा रहे हैं। ऐसे में अब नगर निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती दिखा शुरु कर दिया है। सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने व जलाने वालों के खिलाफ एक घंटे के भीतर आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं, यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने वालों की शिकायत आनलाइन देता है तो उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। साथ ही शिकायत देने वाले व्यक्ति को सम्मानित भी किया जाएगा।

नगर निगम क्षेत्र के चालीस वार्डों में घर–घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए प्रतिदिन निगम के वाहनों का संचालन किया जाता है। इसके एवज में नगर निगम घरों से तीस रुपये प्रतिमाह लेता है। लेकिन, कई लोग तीस रूपये बचाने के चक्कर में शहर को दूषित कर रहे हैं। लोग अब भी सार्वजनिक स्थानों व खाली पड़ी भूमि पर कूड़े का ढेर डाल रहे हैं। जिससे शहर की सूरत बिगड़ रही है। ऐसे में अब नगर निगम ने इन लोगों से सख्ती के साथ निपटने का मन बना लिया है। पूर्व में शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। साथ ही चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए। ऐसे में अब नगर निगम ने कूड़ा डालने वालों की वीडियो आनलाइन निगम को देने वालों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। वीडियो मिलने के एक घंटे के भीतर निगम की टीम कूड़ा डालने वालों का चालान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### निगम करेगा सम्मानित

### रैंक सुधारने को जागरूकता जरूरी

वर्ष 2022 में कोटद्वार नगर निगम राष्ट्रीय स्तर पर जारी होने वाली स्वच्छता सर्वे सूची में 270-वें स्थान पर था। जबकि, 2024 में निगम 305-वें स्थान पर पहुंचा। साफ है कि आमजन के सहयोग के बिना कोटद्वार स्वच्छता के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता। कोटद्वार को स्वच्छता की रैंक में आगे लाने के लिए आमजन को भी नगर निगम का सहयोग करना होगा। वर्तमान में कुल 60 प्रतिशत घरों से ही निगम के वाहनों में प्रतिदिन कूड़ा आ रहा है। जबकि, चालीस प्रतिशत घरों का कूड़ा या तो सर्वजनिक स्थानों पर फेंका जा रहा है या इसे जलाया जा रहा है।

### गदेरे को बना दिया डंपिंग जोन

शहर में गंदगी फैलाने वालों ने शहर के बीच से गुजरने वाले पनियाली गदेरे को भी कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया है।

यही नहीं कूड़े का ढेर बढ़ने पर कई लोग इसपर आग भी लगा देते हैं। जिससे वायु प्रदूषण होता है। देवी रोड में आसपास के कई दुकानदार दुकान से निकलने वाली गंदगी को गदेरे में उड़ेलते हुए आसानी से देखे जा सकता है। गोखले मार्ग में भी फल व सब्जी बेचने वाले गंदगी का ढेर सड़क पर ही फेंककर चले जाते हैं।

### इन पर नहीं होती कार्रवाई

शहर के मुख्य मार्गों पर सब्जी व फल बेचने वाले सड़क पर ही कूड़ा फेंकर चले जाते हैं। जिससे सुबह–सुबह सड़क पर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। बावजूद नगर निगम आजतक इसके लिए कोई सख्ती नियम लेकर नहीं आ पाया। ऐसे में नगर निगम के अभियान पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

**शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर कूड़ा डालने वालों पर नजर रखी जा रही है। आमजन से भी कूड़ा डालने वालों की शिकायत करने की अपील की जा रही है।**

**...पीएल शाह, नगर आयुक्त कोटद्वार**

# प्रमाण पत्र किए वितरित, हुआ प्लेसमेंट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय के हिल कैंपस तोली में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान विभिन्न संस्थानों ने युवाओं का इंटरव्यू लिया और उन्हें रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का मौका दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैंपस प्रबंधक मधुसूदन धस्माना ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और कौशल आधारित प्रशिक्षण से जोड़ना संस्थान की प्राथमिक प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावसायिक एवं कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव तैयार करता है। हास्पिटैलिटी विभाग के प्रधानाचार्य संजीव बिंजोला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और मेहनत की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

फैकल्टी सदस्य विजय भट्ट और हरीश रावत ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के लिए तैयार करना भी है।

# लालढांग- चिल्लरखाल मार्ग निर्माण की मांग पर धरना जारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन रविवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उनका कहना था कि जनता की मांगों की लगातार अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रविवार को को बड़ी संख्या में लोग चिल्लरखाल वन चौकी के पास एकत्र हुए और मार्ग निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार और गढ़वाल क्षेत्र के लोग लंबे समय से ऑल वेदर सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।आंदोलनकारी मदन नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल से पहले इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहन आसानी से संचालित होते थे, लेकिन बाद में एनजीटी के नियमों और न्यायालयी प्रक्रियाओं के चलते व्यावसायिक वाहनों के संचालन पर रोक लग गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बफर जोन के तहत स्वीकृत 150 कमर्शियल वाहनों को भी संचालन की अनुमति नहीं दी जा रही है। वहीं, रविंद्र सौंद ने अनिल बलूनी से एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर स्पष्ट जानकारी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों की मुख्य मांग क्षेत्र में एलिवेटेड सड़क का निर्माण कराना है। रेखा नेगी ने कहा कि महिलाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तक संघर्ष जारी रखेंगी। उन्होंने अन्य राज्यों की तरह यहां भी एलिवेटेड रोड बनाए जाने की मांग दोहराई। धरने में देवेंद्र रावत, प्रकाश रावत, नरेश धस्माना, हेमा नेगी, राजेंद्र सिंह, उम्मेद भंडारी, यशोदा, जगत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



मार्ग निर्माण के लिए धरने पर बैठे लोग

# कौशल आधारित रोजगार बढ़ाने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** आईटीआई प्रशिक्षुओं व स्थानीय उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने व कौशल आधारित रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए जिला उद्योग केंद्र की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आईटीआई व उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाया गया।

सीमेंस, टाटा स्ट्राइव, आईटीआई व जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में आईटीआई व विभिन्न उद्योगों के मध्य आठ एमओयू हस्तांतरित किए गए। कार्यक्रम में 25 से अधिक उद्योगों व आईटीआई के 40 से अधिक प्रशिक्षुओं ने सहभागिता करते हुए 11 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स को उद्योगों के लिए उपयोगी एवं व्यवहारिक माना गया। कार्यशाला में स्थानीय उद्योगों, आईटीआई प्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों व प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने इस पहल को कौशल शिक्षा और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की दिशा में प्रभावी कदम बताया। कार्यक्रम में 110 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग, प्रबंधक राजेन्द्र प्रकाश आर्य, सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव विवेक चौहान, आईटीआई कोटद्वार के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, आईटीआई दुगड्डा के प्रधानाचार्य गोविंदा, सीमेंस एवं टाटा स्ट्राइव की ओर से सैबल अदक, प्रसन्न सिंह नेगी, सुभाष डबराल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के जिला उद्योग केंद्र में आयोजित कार्यशाला के दौरान एमओयू हस्तांतरित करते सदस्य

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए युवाओं को किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः राठ महाविद्यालय पैठाणी में समावेशी भारत 2047 खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से उन्नयन, विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार में 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस सुंदर लाल मुयाल ने कहा कि आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण है युवाओं को इसके लिए अभी से तैयार होना है। कहा कि तकनीक के युग में सभी के पास सभी सूचनाओं का भंडार है। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों को बेहतर जीवनचर्या की जानकारी मिलेगी। विशिष्ट अतिथि गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीजीआर परिसर के निदेशक प्रो. यूसी गैरोला ने कहा सबसे अधिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण के लिए हमें बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य का सही रहना बहुत जरूरी है। कहा कि वर्तमान में वनाग्नि से वायु प्रदूषण के बढ़ने से स्वास्थ संबंधी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मौके पर मंगल सिंह, डॉ. ललित तिवारी, डॉ. राकेश नेगी, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. गोपेश सिंह, राम सिंह नेगी, राज कुमार पॉल, डॉ. मंजीत भंडारी, डॉ. देव कृष्ण आदि शामिल रहे।

# चोरों के बुलंद हुए हौसले, तिरंगा लाइट की कॉपर वायर चोरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत ग्रास्टनगंज व गुलर पुलों पर लगाई गई तिरंगा लाइटों की कापर वायर चोर चुरा ले गए। नगर निगम की ओर से मामले में अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।



बताते चलें कि बीते वर्ष 15 अगस्त को नगर निगम की ओर से क्षेत्र के सात पुलों में सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। इन लाइटों के संचालन के लिए विद्युत वायरिंग भी लगाई गई थी। लेकिन, बीते दिवस अज्ञात ने ग्रास्टनगंज और गुलर पुलों में लाइटों के संचालन के लिए लगाई गई करीब 1300 मीटर लंबी कापर वायर चोरी कर दी। इस मामले में नगर निगम की ओर से पुलिस में तहरीर दी है। तहरीर में कहा गया है कि कापर वायर चोरी होने के कारण जहां निगम को आर्थिक नुकसान हुआ है, वहीं तिरंगा प्रकाश व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। कोतवाली प्रभारी प्रदीप नेगी ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दिया गया है।

# शिव महापुराण कथा में गूंजा भक्ति और प्रेम का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** हल्दूखाता स्थित शिव मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा में श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, भक्ति की शक्ति और मानव जीवन में प्रेम व सदाचार के महत्व का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। कथा वाचन करते हुए आचार्य राकेश लखेड़ा ने माता सती और भगवान शिव के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग केवल बाहरी आडंबरों से नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा, निर्मल मन और निष्कलंक प्रेम से प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि माता सती ने भगवान शिव से मन तत्व के ज्ञान की इच्छा व्यक्त की थी। इस पर भगवान शिव ने कहा कि जब तक मनुष्य के आचार–विचार शुद्ध नहीं होते, तब तक मन की पवित्रता संभव नहीं है और बिना मन की शुद्धि के सच्ची भक्ति अधूरी रहती है। आचार्य ने कहा कि भक्ति के साथ ज्ञान का होना भी अत्यंत आवश्यक है। केवल पूजा–अर्चना ही नहीं, बल्कि अच्छे विचार, संयमित जीवन और दूसरों के प्रति प्रेम भाव भी व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम ही मानव जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रेममय हृदय वाला इंसान ही ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारों और भजनों में भाव–विभोर नजर आए। प्रियवंदा कीर्तन मंडली, दुर्गा कीर्तन मंडली और जय मां कीर्तन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। कार्यक्रम में विकास पंत, नर्मदा देवी, दीपा देवी, रेखा देवी, अखिलेश डंडरियाल, इंदू नौटियाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि शिव महापुराण कथा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



कथा वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा

# राज्य आंदोलनकारियों की मांगों को लेकर 31 मई को होगा वृहद सम्मेलन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा की बैठक में राज्य आंदोलनकारियों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर 31 मई को पौड़ी में वृहद सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण, आरक्षण और न्यायिक मामलों को लेकर सरकार की धीमी कार्यप्रणाली पर चिंता जताई।

बैठक जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज भी कई आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण नहीं हो पाया है, जिससे वास्तविक आंदोलनकारी विभिन्न सरकारी सुविधाओं और अधिकारों से वंचित हैं। इसके अलावा राज्य आंदोलनकारियों के लिए घोषित 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर भी अब तक स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। वक्ताओं ने कहा कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर लंबे समय से आंदोलनकारी सरकार से मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। इसी को देखते हुए 31 मई को पौड़ी में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य आंदोलनकारी मंच देहरादून, उत्तराखंड आंदोलनकारी संगठन, अधिवक्ता संघ समेत विभिन्न सामाजिक और आंदोलनकारी संगठन भाग लेंगे। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन के दौरान मुजफ्फरनगर कांड की प्रभावी पैरवी, राज्य आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण तथा 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। साथ ही सरकार तक आंदोलनकारियों की मांगों को मजबूती से पहुंचाने की रणनीति भी तैयार की जाएगी। बैठक में अशोक कंडारी, गुलाब सिंह रावत, मनमोहन नेगी, आशा डबराल, उर्मिला जोशी, लक्ष्मी रावत, ध्यान सिंह, विजय पाल सिंह, संजू कश्यप, अतुल भट्ट, पवन कुमार गौड़ और सूरज सिंह रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।




आयोजित बैठक में भाग लेते आंदोलनकारी

# स्टेडियम ने सेना को दिए 14 बॉक्सर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : महज पांच वर्ष का समयांतराल में कोटद्वार के राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में संचालित बाक्सिंग हास्टल ने सेना को चौदह बाक्सर दिए। इतना ही नहीं, हास्टल के बाक्सर प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

वर्ष 2004 में कोटद्वार के राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में बाक्सिंग हास्टल की शुरूआत हुई। राज्य स्तर की चयन परीक्षा पास का हास्टल में पहुंचने वाले बच्चों को बाक्सिंग प्रशिक्षण का जिम्मा अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग कोच देवेंद्र चंद्र भट्ट को दिया गया। बाक्सिंग कोच देवेंद्र चंद्र भट्ट भले ही सेवानिवृत्त हो गए। लेकिन, बाक्सिंग के रूप में लगाई उनकी पौध आज वृक्ष का रूप ले चुकी है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाली हुंकार रैली



चमोली। पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए लेकर शिक्षकों, कर्मचारियों ने ढोल दमाऊं के साथ हुंकार रैली निकाली और प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों ने जल्द पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा यदि जल्द पुरानी पेंशन लागू नहीं की गई तो तो पैनडाउन सहित कार्यबहिष्कार किया जाएगा। साथ ही आगामी विधानसभा में ओपीएस को देखकर ही वोट करेंगे। रविवार को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की ओर से ढोल दमाऊं के साथ उमा महेश्वर आश्रम के पास से होते हुए पंचपुलिया से मुख्य बाजार तक हुंकार रैली निकाली। रैली में पूरे प्रदेश से भारी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी पहुंचे। मुख्य बाजार में आयोजित जनसभा में पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि 1 अक्तूबर 2005 के बाद उत्तराखंड में सरकार ने एनपीएस लागू किया। फिर 1 अप्रैल 2025 से जो यूपीएस लागू करने जा रही थी लेकिन पूरे देश में आंदोलन के कारण यूपीएस लागू नहीं हो पाया। हमारी सिर्फ एक मांग है कि ओपीएस दे दी जाए। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पूरण फर्स्वाण ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता पर टिकी है। सरकार के विधायक और सांसद पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं ।

## श्रीदेव सुमन विवि का आवासीय परिसर का काम अंतिम चरण में

नई टिहरी। वर्ष 2012 में स्थापना के बाद से बुनियादी और आवासीय सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के मुख्यालय बादशाहीथौल में अब अधिकारियों और कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। लंबे समय से लंबित आवासीय सुविधा का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने की ओर है। विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। बादशाहीथौल में विश्वविद्यालय स्थापना के बाद से अब तक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी थी। इसका असर सीधे तौर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों पर महसूस किया जाता रहा। अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी नई टिहरी, चंबा और आसपास के क्षेत्रों में किराए के भवनों में रहने को मजबूर थे। कई कर्मचारियों को रोजाना लंबी दूरी तय कर विश्वविद्यालय पहुंचना पड़ता था।

लंबे समय बाद कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक और वित्त अधिकारी के लिए बीते माह आवासीय भवन तैयार होकर आवंटित किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुछ अन्य आवास भी बनकर तैयार हो गए है, जिनका आवंटन आगामी जून माह तक किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इनमें उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, उप परीक्षा नियंत्रक, सहायक परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य कर्मचारियों को शामिल किया जा सकता है। विवि प्रशासन की ओर से आवास आवंटन प्रक्रिया के लिए समिति का गठन भी कर दिया गया है। समिति पात्रता और आवश्यकता के आधार पर आवास आवंटन की प्रक्रिया तय करेगी, ताकि कर्मचारियों और अधिकारियों को प्राथमिकता के अनुरूप सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# नए जलस्रोत की तलाश में जुटा जल संस्थान



नई टिहरी। गर्मी बढ़ने के साथ लंबगांव नगर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। करीब पांच हजार की आबादी वाले नगर क्षेत्र में इन दिनों पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पानी की सीमित आपूर्ति होने से दैनिक जरूरतें पूरी करना भी चुनौती बनता जा रहा है। हर साल गर्मी में पेयजल संकट से लोगों को जूझना पड़ता है।

नगर वासियों को पानी के संकट से राहत दिलाने के लिए जल संस्थान ने नए प्राकृतिक जलस्रोत की तलाश शुरू कर दी है। जल संस्थान के अवर अभियंता राजवीर थलवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार और विभागीय कर्मचारियों की टीम ने पट्टी गाजणा क्षेत्र के हुल्डियाण, भैंत और न्यूगांव पहुंचकर प्राकृतिक जलस्रोतों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी की उपलब्धता, स्रोत की क्षमता और लंबगांव तक आपूर्ति की संभावनाओं का आकलन किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार लंबगांव नगर क्षेत्र के लिए उपयुक्त प्राकृतिक जलस्रोत हुल्डियाण क्षेत्र में चिह्नित कर लिया गया है। अब इस स्रोत को लंबगांव पेयजल लाइन से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए जल्द कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई शुरू करने की बात कही जा रही है। जल संस्थान के अवर अभियंता थलवाल ने बताया कि वर्तमान में लंबगांव नगर क्षेत्र को दो व्यवस्थाओं के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 412 पर्यावरण मित्र संभाल रहे स्वच्छता का जिम्मा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल अभियान चला रहा है। सुलभ के सीतापुर से केदारनाथ तक करीब 412 पर्यावरण मित्र सफाई कार्य में जुटे हैं। ये कर्मी पैदल यात्रा मार्ग के साथ–साथ होटल और लॉज से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण का कार्य भी कर रहे हैं। वहीं काकड़ा से केदारनाथ तक 249 स्टील फ्रेम से शौचालय स्थापित किए गए हैं। सुलभ इंटरनेशनल के यात्रा प्रभारी धनंजय पाठक ने बताया कि सुलभ तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और यात्रा मार्ग को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूड़ी को किया याद

रुद्रप्रयाग। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहे भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूड़ी ईमानदारी, सादगी और सुशासन के लिए हमेशा पहचाने जाते रहेंगे। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि पूर्व सीएम ने कई योजनाओं के माध्यम से गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, पूर्व जिला अध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, जिला महामंत्री अरुण चमोली, राय सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रावत, सैन सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष पार्वती गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने पर दिया जोर

रुद्रप्रयाग। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर–2026 कार्यक्रम के तहत जिले में निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। तहसील जखोली, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डेटा अपलोड करने और उसकी कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। मतदाता सूची शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और संशोधन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर–2026 अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कर सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र बिष्ट, जिला सेवायोजन अधिकारी सुशील चमोली, डीआईईटी प्रवक्ता विनोद यादव ने बीएलओ और घर–घर सत्यापन कार्य को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने की अपील की।

### बच्चों के साथ किसी भी तरह का शोषण गंभीर अपराध

रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय इंटर कॉलेज बरसूड़ी में पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम और बाल विवाह विषयों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह ने छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों व बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी कानूनी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ किसी भी तरह का शोषण गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभाग व पुलिस को देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में पीएलवी ने पॉक्सो एक्ट विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### रिंगाल के उत्पादों से मजबूत कर रहे आर्थिकी

रुद्रप्रयाग। सतत विकास के लिए रिंगाल उत्पादों को हमेशा बेहतर विकल्प माना जाता रहा है। ऐसे ही एक कारीगर हैं ब्लॉक जखोली के ग्राम स्यूर निवासी सज्जन लाल जो वर्षों से रिंगाल काश्तकारी से अपने परिवार की आजीविका चला रहे हैं। वह रिंगाल से उत्पाद तैयार कर रहे हैं जिसे लोग भी खूब पसंद कर रहे हैं। सज्जन लाल ने बताया कि उन्होंने अर्थशास्त्र विषय से एमए किया था लेकिन रोजगार के बेहतर अवसर नहीं मिलने पर उन्होंने पारंपरिक काश्तकारी को ही अपना व्यवसाय बना लिया। वर्तमान में वह जंगलों से 20 से 25 किलोमीटर दूर जाकर रिंगाल लाते हैं और उससे टोकरी, कंडी समेत विभिन्न उपयोगी सामग्री तैयार करते हैं। कई बार सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन भी किया लेकिन अब तक किसी भी तरह का लाभ नहीं मिल पाया है।

### वनाग्नि तैयारियों की समीक्षा की

रुद्रप्रयाग। वनाग्नि की रोकथाम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वनाग्नि नोडल अधिकारी व मुख्य वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने वन प्रभाग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने जाखनी क्रू स्टेशन और अगस्त्यमुनि मॉडल क्रू स्टेशन का निरीक्षण किया। साथ ही मास्टर कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग सिस्टम और मोबाइल ऐप से चिह्नित सक्रिय वनाग्नि स्थलों का भी अवलोकन किया। बैठक में वनाग्नि हॉटस्पॉट क्षेत्रों की स्थिति, ड्रोन सर्वेक्षण को प्रभावी बनाने, वनाग्नि की शीघ्र पहचान के लिए रिस्पॉन्स समय कम करने और प्रवर्तन तंत्र को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन, उप प्रभागीय वनाधिकारी और क्षेत्राधिकारी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस का भैंसा बुग्गी प्रदर्शन, भाजपा सरकार को घेरा

हरिद्वार। बढ़ती महंगाई के विरोध में रविवार को युवा कांग्रेस ने भैंसा बुग्गी पर गैस सिलेंडर और स्कूटी रखकर प्रदर्शन किया। चंद्राचार्य चौक से वाल्मीकि चौक तक निकाले गए जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर महंगाई नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों के घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गए हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, विधायक रवि बहादुर और ग्रामीण जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शन ह्यगूंगी–बहरी सरकारह्ल को जगाने के लिए किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिसके कारण अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है और केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह असफल



साबित हुई है। महिला कांग्रेस कार्यकर्ता विमला पांडे और सुनीता सिंह ने कहा कि महंगाई का सबसे ज्यादा असर महिलाओं की रसोई पर पड़ रहा है। घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों के बढ़ते दामों से घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। डॉ. संजय पालीवाल, अधिवक्ता अरविंद शर्मा और राजबीर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है।

# गढ़वाल प्राइड लीग का मुकाबला सात से

नई टिहरी। बौराड़ी स्टेडियम में सात जून से शुरू होने वाले गढ़वाल प्राइड क्रिकेट लीग (जीपीएलसी) ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर आयोजक मंडल ने तैयारियां शुरू कर दी है। टिहरी में पहली बार लेदर बॉल से होने वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। आयोजन मंडल ने पत्रकार वार्ता कर टूर्नामेंट के पोस्टर का लोकार्पण किया। कोटी स्पोर्ट्स क्लब, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच और सम्राट स्पोर्ट्स एकेडमी की संयुक्त पहल पर बौराड़ी स्टेडियम में गढ़वाल प्राइड क्रिकेट लीग का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा और स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

जीपीएलसी के संरक्षक कुलदीप पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी टिहरी जिले के होना अनिवार्य किया गया है। सभी टीमों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड का पालन भी जरूरी होगा।उन्होंने बताया कि बाहरी टीमों के लिए पंजीकरण शुल्क 3100 रुपये और स्थानीय टीमों के लिए 2100 रुपये निर्धारित किया गया है। विजेता टीम को 51 हजार रुपये और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

# मणिकर्णिका घाट पर बंद है चेजिंग स्त्म



उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा के चरम पर पहुंचते ही उत्तरकाशी के मणिकर्णिका घाट पर व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। घाट पर बने चेजिंग रूम के बंद होने से तीर्थयात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंगा स्नान के लिए दूर–दूर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं को कपड़े बदलने और सामान सुरक्षित रखने के लिए उचित व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द ही चेजिंग रूम खुलवाने की मांग की। चारधाम यात्रा के दौरान हर दिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्री मणिकर्णिका घाट पहुंच रहे हैं लेकिन चेजिंग रूम बंद होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और परिवारों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। यात्रियों को खुले में कपड़े बदलने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे असुविधा के साथ–साथ सुरक्षा और गोपनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। तीर्थयात्रियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण समय में मूलभूत सुविधाओं का बंद होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, स्थानीय निवासी राजेश प्रसाद, रमेश लाल, माधव प्रसाद, राजेंद्र सिंह का कहना है कि प्रशासन को यात्रा सीजन शुरू होने से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी चाहिए थी लेकिन अब तीर्थयात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ ने मरीजों के स्वास्थ्य जांचा

नई टिहरी। भारत हार्ट इंस्टिट्यूट एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून की ओर से पालिका सभागार बौराड़ी में निशुल्क हृदय जांच शिविर आयोजित किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ़ चेतन शर्मा ने मरीजों की जांच कर हृदय रोग बचाव के बारे में बताया। नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ़ शर्मा ने दीप जलाकर शिविर का शुभारंभ किया। पालिका अध्यक्ष रावत ने कहा कि नगर क्षेत्र में हृदय रोग विशेषज्ञ नही है, इसलिए पालिका ने हृदय रोग से संबंधित शिविर लगवाया। डॉ़ शर्मा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद ईसीजी करवाया। कहा कि दिनचर्या में बदलाव और गलत खानपान के कारण भी हार्ट संबंधी रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। सुनील कुकरेती ने बताया कि शिविर में 124 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर सभासद विनीत उनियाल, प्रकाश शुक्ला, गजेंद्र, पूजा, हिमानी भट्ट, पवन वर्मा आदि मौजूद थे।

# बसपा ने विधान सभा चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन




विकासनगर। ब्लॉक सभागार में रविवार को बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति, संगठन विस्तार और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया। प्रदेश प्रभारी आदेश कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय समस्याओं को जनता के बीच प्रमुखता से उठाना चाहिए और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहकर पार्टी की उपस्थिति मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने सदस्यता अभियान, जनसंवाद और संगठनात्मक बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने पर भी जोर दिया गया।

# गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर जाम से हाँफा हरिद्वार

हरिद्वार। चारधाम यात्रा, वीकेंड और सोमवार को होने वाले गंगा दशहरा स्नान के चलते रविवार को हरिद्वार–देहरादून हाईवे समेत शहर के प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। सुबह से देर शाम तक हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आए। दिल्ली और देहरादून की ओर से हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का दबाव इतना अधिक रहा कि पुलिस की तमाम व्यवस्थाएं कम पड़ गईं।

वहीं, देर शाम गंगा आरती में भीड़ नजर आई। सबसे अधिक जाम चंडीघाट से भूपतवाला और प्रेमनगर पुल से शंकराचार्य चौक तक देखने को मिला। रोड़ीबेलवाला, भीमगोड़ा, हरकी पैड़ी और हाईवे से जुड़े संपर्क मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। भीषण गर्मी और उमस के बीच छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। यातायात दबाव बढ़ने पर पुलिस ने भीमगोड़ा क्षेत्र में वन–वे ट्रैफिक प्लान लागू किया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बाद भी छोटे और निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती रही। हरकी पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। उधर, गंगा दशहरा स्नान और निर्जला एकादशी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस–प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह हाई अलर्ट मोड पर रखा है। एसएसपी नवनीत सिंह ने स्नान मेले के लिए एसपी सिटी अभय सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।



मेले की सुरक्षा व्यवस्था के तहत पूरे मेला क्षेत्र को दो सुपर जोन, 11 जोन और 27 सेक्टरों में बांटा गया है। मेले की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए चौबीस घंटे नजर रखी जाएगी। एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति शालीन लेकिन सख्त व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क किनारे वाहनों को खड़ा न होने देने और सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों तक भेजने के आदेश दिए गए हैं।

## किशोरी नहाते समय पिंडर नदी में डूबी, अस्पताल ले जाने से पहले हुई मौत

चमोली। कर्णप्रयाग में रविवार को एक किशोरी नहाते समय पिंडर नदी में डूब गई। डीडीआरएफ ने उसका शव बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कुछ लड़कियां गांधीनगर के नीचे पिंडर नदी में नहाने गई थीं। इस दौरान एक किशोरी अमृता(15) पुत्री मनोज कुमार निवासी गांधीनगर डूब गई।

स्थानीय लोगों व डीडीआरएफ ने टीम के साथ रेस्क्यू व सर्च अभियान चलाया गया तो कुछ देर बाद नदी में से लड़की बेहोशी हालत में मिली। बाहर निकाल कर किशोरी को तत्काल परिजनों व स्थानीय लोगों की सहायता से जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घाषित कर दिया।

# कपड़े की दुकान और ठेला जलकर खाक

ऋषिकेश। श्यामपुर स्थित चोपड़ा फार्म में रविवार सुबह एक ठेले पर सिलेंडर से गैस का रिसाव होने से आग लग गई। अफरा–तफरी में ठेला संचालक हादसे में घायल हो गया। भीषण आग ने बगल में ही कपड़े की दुकान को भी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद जब तक दमकल टीम मौके पर पहुंची, कपड़े की दुकान के साथ ठेला जलकर राख हो गया।

सूचना के बावजूद दमकल टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। बताया गया है कि रविवार सुबह करीब आठ बजे चोपड़ा फार्म में बॉबी संधू ठेले पर काम कर रहा था। इसी बीच सिलेंडर से गैस का रिसाव हुआ तो उसके हाथपांव फूल गए। गैस रिसाव से अचानक आग भड़क गई। आग की लपटें बगल में दीपक भट्ट की कपड़े की दुकान तक पहुंच गईं। ठेले के साथ कपड़े की दुकान में लगी आग को देखकर अफरा–तफरी मच गई।



स्थानीय लोगों ने पानी की बौछार करते हुए किसी तरह से आग पर काबू पाया, जबकि दमकल टीम को मौके पर पहुंचने में देर हुई। गनीमत रही कि ठेले के पास ही बिजली का ट्रांसफार्मर आग की चपेट में नहीं आया। ट्रांसफार्मर तक आग पहुंचती तो यह हादसा और भी ज्यादा भीषण हो सकता था। कपड़े की दुकान के संचालक दीपक भट्ट ने बताया कि आग में उनका करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, हादसे में ठेला संचालक बॉबी संधू को हल्की चोटें आई हैं। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख बीना चौहान ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद चौहान, नवीन नेगी, कैलाश बिजौला और विवाद भट्ट दमकल टीम के देरी से पहुंचने पर नाराजगी जताई। जाम ने रोका फायर ब्रिगेड का रास्ताल रविवार को श्यामपुर में आग की सूचना पर ऋषिकेश स्थित शैल विहार से सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर फायर बिग्रेड की टीम वाहन लेकर निकली थी, लेकिन पहले हरिद्वार बाईपास मार्ग पर जाम ने उनके वाहन का रास्ता रोक दिया।

## गंगा में स्नान करते समय तेज धारा में बहा युवक, लापता

ऋषिकेश। दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया एक किशोर त्रिवेणी घाट पर गंगा नदी में स्नान करते समय तेज धारा में बहकर लापता हो गया। एसडीआरएफ किशोर की तलाश में जुटी रही, लेकिन उसका अभी कोई सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार, चार दोस्त अपने घरों से मंदिर जाने की बात कहकर ऋषिकेश पहुंचे थे। तभी उनमे स्नान के दौरान एक किशोर का चश्मा गंगा नदी में गिर गया, जिसे पकड़ने के प्रयास में वह आगे गहरे पानी की ओर चला गया और अचानक गंगा की तेज धारा में बहने लगा। कुछ दूरी तक बहने के बाद किशोर नदी में डूब गया। घाट पर तैनात रेस्क्यू कर्मियों ने आवाज सुनते ही तत्काल गंगा में छलांग लगाकर किशोर को बचाने का प्रयास किया,

**जयन्त**

संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा 28, न्यू डिफेंस एन्क्लेव, डांडा नूरीवाला, सहस्रधारा रोड़, देहरादून उत्तराखण्ड से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जिला मुख्यालय देहरादून, उत्तराखण्ड होगा।

CONT. 9412081969
PRGI NO. UTTHIN/2005/16338

